## ब्रीफ खबरें

### सीपीआई (एम) के शाखा सचिव चुने गए ऋषिकेश

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के सीपीआई (एम) पार्टी कार्यालय में रविवार को पार्टी सदस्य सिंगराय मुर्मू की अध्यक्षता में एक बैठक हुई. इसमें बहरागोड़ा अंचल के बहरागोड़ा शाखा का सम्मेलन में ब्रांच सचिव ने अपनी रिपोर्ट पेश की एवं सभी की पार्टी से संबंधित सवालों का जवाब भी दिया गया. बाद में सर्वसम्मति से ऋषिकेश दास को बहरागोड़ा शाखा का सचिव पुनः चुन लिया गया. इस सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रूप में बहरागोड़ा लोकल कमिटी के सचिव चित्त रंजन महतो, बादल नायक, श्यामल साहा, सत्येंद्र शर्मा, गुनादर सीट आदि उपस्थित थे.

### सीसीटीवी को लेकर जागरुकता अभियान

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में रविवार को वरीय पुलिस अधीक्षक जमशेदपुर के आदेशानुसार बहरागोड़ा पुलिस प्रशासन ने पूरे बाजार क्षेत्र का परिभ्रमण कर सभी दुकानदारों को पर्याप्त मात्रा में अच्छी गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए जागरूक किया. सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्डिंग कम से कम 15 दिन तक सुरक्षित रखने के लिए कई सारे महत्वपूर्ण सुझाव दिया गया. इसमें ज्वेलरी, दवा, कपड़ा दुकान, पेट्रोल पंप, होटल, बैंक, एटीएम सहित सभी अन्य दुकानों में लगाना अनिवार्य बताया गया.

### बालिजुड़ी में रक्तदान शिविर आयोजित

**जादूगोड़ा ।** आदिवासी बहुउद्देशीय उत्थान सहकारी समिति पोटका व नई जिंदगी परिवार जमशेदपुर के सौजन्य से पोटका प्रखंड के बालिजुड़ी स्थित सोहदा पंचायत भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस रक्तदान शिविर में दो महिलाओं समेत कुल 40 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया. ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर जमशेदपुर के सारजमदा निवासी राजेश मार्डी ने अपने जीवन में कुल 75वीं बार रक्तदान किया. दिवंगत भोजों सिंह बानरा के बड़े भाई आकाश बानरा ने सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया.

### एनएसएस व पर्यावरण मित्र ने लगाए 65 पौधे

**घाटशिला ।** घाटशिला पर्यावरण मित्र घाटशिला और घाटशिला कॉलेज के एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को घाटशिला कॉलेज परिसर और कदमडीह नहर के किनारे 65 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए. इसमें करंज, शरीफा, छातीम, कदम और पपीता के पौधे शामिल थे. पौधरोपण अभियान का नेतृत्व डा. संदीप चंद्रा और डा. दिलचंद राम ने किया. अहले सुबह कॉलेज परिसर में पौधरोपण कर कदमडीह में पौधरोपण किया गया.

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक

**आदित्यपुर ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला सरायकेला खरसावां की एक आवश्यक बैठक रविवार को गुडविल होटल में सम्पन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने की. बैठक में संगठन का विस्तार तथा सशक्त करने पर चर्चा हुई. उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सुझाव के उपरांत सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 2 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी की जयंती महासभा के विभिन्न इकाइयों में बारी बारी से मनाई जायगी. इस संबंध में सभी इकाइयों से समन्वय स्थापित करने की बातें हुईं.

### केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर हमले की निंदा

**आदित्यपुर ।** अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि समाज सरायकेला खरसावां द्वारा बिहार के मंत्री अशोक चौधरी के द्वारा बिहार के ब्रह्मर्षि समाज के संबंध में दिए गए बयान तथा केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर किये गये कातिलाना हमले की घोर निंदा की है. समाज के उपाध्यक्ष विमल सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि इन घटनाओं से ऐसा प्रतीत होता है कि बिहार में भूमिहारों को टारगेट किया जा रहा है. बिहार सरकार एवं भारत सरकार इस मामले में संज्ञान लेते हुए अविलंब आवश्यक कार्रवाई करें, अन्यथा भूमिहार समाज अपने मान-सम्मान एवं सुरक्षा के लिए स्वयं सक्षम है.

## घाटशिला में हुई भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक, संगठन की मजबूती पर चर्चा

# विधानसभा चुनाव में घाटशिला व बहरागोड़ा से जीत का लिया संकल्प

**संवाददाता । घाटशिला**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक रविवार को घाटशिला टाउन हॉल में जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला भाजपा ने अब आने वाले चुनाव में घाटशिला और बहरागोड़ा दोनों ही सीट से पार्टी को भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया है. दोनों विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष अपने-अपने मंडल में बैठक करेंगे, प्रदेश से आए हुए कार्यक्रमों को पूरा करेंगे.

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता के साथ संगठन की मजबूती के लिए विचार विमर्श किया गया. प्रत्येक मंडल अध्यक्ष को एक-एक करके विस्तृत रूप से जानकारी दी गई. बैठक का संचालन मनोज प्रताप सिंह ने किया धन्यवाद ज्ञापन विश्वनाथ बेहरा ने किया.

बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, छत्तीसगढ़ विधायक भावना बोहरा, जिला प्रभारी बड़कुंवर गागरई, घाटशिला विधानसभा प्रभारी अभय सिंह, बहरागोड़ा विधानसभा प्रभारी विनोद सिंह, जमशेदपुर प्रभारी जीतू चरण राम , पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, पूर्व प्रत्याशी लखन मार्डी, पदमश्री जमुना टुडू शामिल थे. इनके अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश साव, सरोज महापात्र, रंगलाल महतो, हेमंत नारायण देव, डॉ सुनीता देबदूत सोरेन, जिला पार्षद देवयानी मुर्मू, सुभाष सिंह, गीता मुर्मू, माला दे, हीरामणी मुर्मू, दीपक दंडापात, सुजन मन्ना, चंचल दास, सुबोध सिंह सहित बहरागोड़ा एवं घाटशिला विधानसभा के मंडल अध्यक्ष समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.




भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक में मंच पर उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता.

## घोड़ाबंधा में झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन

# साढ़े चार साल में विकास के कई काम हुए : विधायक

## मंईयां योजना के लिए महिलाओं ने किया अभिनंदन

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत घोड़ाबंधा क्षेत्र की पांच पंचायत पश्चिमी घोड़ाबंधा पंचायत, पूर्वी घोड़ाबंधा पंचायत, उत्तरी घोड़ाबंधा पंचायत (बारिनगर), हुरलुंग पंचायत और लोहाबासा पंचायत के कार्यकर्ताओं के लिए घोड़ाबंधा के फॉरेस्ट गेस्ट हॉउस में कार्यकर्त्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए. सम्मेलन के दौरान महिलाओं ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में प्राप्त 1000 रुपया के लिए विधायक का स्वागत एवं अभिनंदन किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि साढ़े चार साल के अपने कार्यकाल में कई विकास कार्यों को अंजाम दिया गया है. उनके अनुसार इस दौरान सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ ही जनता की सुरक्षा और उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में काफी काम हुए हैं. इस दौरान विधायक ने हेमंत सरकार और उनके द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाने की बात कार्यकर्ताओं से कही. कार्यक्रम के दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने हेमंत है तो हिम्मत है और मंगल है तो मुमकिन है के नारे भी लगाये.



घोड़ाबंधा में विधायक मंगल कालिन्दी का स्वागत करती महिलाएं.

### 4 करोड़ 96 लाख की विभिन्न योजनाओं का विधायक मंगल कालिंदी ने किया शिलान्यास

**जमशेदपुर |** जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने रविवार को विधायक निधि से स्वीकृत 4 करोड़ 96 लाख की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया. शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन विधायक के कार्यालय में आयोजित किया गया. मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने बताया कि विधायक निधि से स्वीकृत योजनाएं जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायत और विभिन्न गांवों के विकास की है. विधायक ने बताया कि आज जुगसलाई विधानसभा में डिग्री कॉलेज का निर्माण हो रहा है, स्टेडियम का निर्माण लगभग पूरा हो चूका है. बोड़ाम और पटमदा के ग्रामीणों के लिए 228 करोड़ रुपये की लागत से चांडिल डैम से पीने का पानी लाने का कार्य तेजी से चल रहा है. जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के शहर से लेकर गांव तक सड़कों का जाल बिछाया गया है.

## पान दुकान कॉलोनी में चोरों का आतंक

# रतजगा कर सुरक्षा में खुद जुटे कॉलोनीवासी

## पुलिस से शिकायत के बावजूद पहल नहीं



आदित्यपुर में रतजगा करते कॉलोनी के लोग.

**संवाददाता । आदित्यपुर**

आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पान दुकान कॉलोनी के लोग इन दिनों चोरों के आतंक से परेशान हैं. विगत दो माह में लगातार कॉलोनी के घरों में चोरी की घटना से तंग आकर अब स्थानीय लोगों ने टोली बनाकर रात भर जागरण कर अपने घर और कॉलोनी के सुरक्षा का निर्णय लिया है. आदित्यपुर-1 की पान दुकान आवासीय कॉलोनी में हाल के दिनों में एक घर में लाखों की चोरी हुई तो कई घरों में मोबाइल आदि सामान की चोरी की घटना सामने आई है. स्थानीय लोगों ने आदित्यपुर पुलिस से कई बार शिकायत की गई, लेकिन पर्याप्त संख्या में पुलिस बल न होने और दूसरे जिले में पुलिस ड्यूटी होने के चलते रात्रि गश्ती करने में पुलिस भी असमर्थ है. आदित्यपुर-1 रोड नंबर 19 निवासी संजय शर्मा ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व उनके घर में मोबाइल समेत नगदी की चोरी हो गई, इससे ठीक कुछ दिन पूर्व उनके पड़ोसी टाटा स्टील कर्मी के घर लाखों के आभूषण की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था. वहीं इसी रोड में मंदिर जा रही महिला के गले से बाइक सवारों ने सोने की चेन छीन ली थी. इन सभी घटनाओं से लोगों ने सबक लेते हुए खुद सुरक्षा का निर्णय लिया है. रात्रि गश्ती करने वालों में मुख्य रूप से संजय शर्मा, संतोष ठाकुर, प्रदीप कुमार सिंह, विजय सिंह आदि शामिल हैं.

## खडे ट्रक में पीछे से टैंकर ने मारी टक्कर, चालक गंभीर



**घाटशिला ।** घाटशिला थाना क्षेत्र के अनुमंडल अस्पताल के समीप खड़ा कोयला लदा ट्रक के पीछे रिलायंस पेट्रोल के टैंकर ने रविवार को जोरदार टक्कर मार दिया. इससे टैंकर का चलाक बिहार के नवादा निवासी अशोक यादव गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों की मदद से स्टेयरिंग में फंसा टैंकर चालक अशोक यादव को किसी तरह बाहर निकाल कर अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया गया. अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सक डॉ मीरा मुर्मू ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया. उन्होंने बताया कि चालक अशोक अग्रवाल के एब्डोमेन में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी स्थिति गंभीर है. बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा जा रहा है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि अनुमंडल अस्पताल के समीप एनएच 18 फोर लेन पर अचानक जेएच 10 बीआर 0122 बंद हो गया था. चालक बजरंगी रेवानी मिस्त्री की खोज में गया था. इसी बीच तेज रफ्तार पेट्रोल टैंकर पीछे से आकर जोरदार टक्कर मार दी. समाचार लिखे जाने तक घटना की सूचना पुलिस को नहीं है.

## ईटाभट्टा के ग्रामीणों ने चंदा कर अपने खर्चे से खुद बनाई सड़क

### 1700 रुपये से सड़क पर डाला स्टोनडस्ट



**संवाददाता । जादूगोड़ा**

जादूगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत उतरी इंचड़ा पंचायत के ईटाभट्टा मुहल्ले से यूसील पथ तक की सड़क की हालत बारिश के कारण खराब हो गई थी. सड़क पर कीचड़ हो जाने के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था. इस सड़क की मरम्मत के लिये ग्रामीण जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाते-लगाते थक गए मगर कोई सुनवाई नहीं हुई. अंत में थककर ग्रामीणों ने इस सड़क को आपस में चंदा कर चलने लायक बनाया. ईटाभट्टा के 31 परिवारों ने आपस में पांच-पांच सौ रुपये चंदा किया व खुद श्रमदान कर अपने हल्ले से यूसील पथ तक स्टोनडस्ट बिछाकर सड़क को दुरुस्त किया.इसे लेकर क्षेत्र के मुखिया से कई बार गुहार लगाई, लेकिन नतीजा विफल निकला. अंत में ग्रामीणों ने 17 हजार रुपये आपस में चंदा कर खुद सड़क बनाने का बीड़ा उठाया.

यह पथ यूसीआइएल के पथ से होते हुए 2 मार्गों में बट जाता हैं जो दो मोहल्ले को जोड़ता है. सड़क निर्माण रूपेश भगत, संजय महतो, बी महाली, महेश साव, अजय साव, बबलू सामंतो, संजय, राम दास, रति, करीम खान, एसएन डे और बाकी ग्रामीणों के सहयोग से संभव हो पाया.

## मजदूर नेता जय नारायण शर्मा की स्मृति में पौधरोपण



**आदित्यपुर ।** भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और जनसंघ काल से राजनीति में सक्रिय रहे श्रमिक नेता स्व. जय नारायण शर्मा की स्मृति में रविवार को भारतीय मजदूर संघ जिला सरायकेला -खरसावां के द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा कर पौधरोपण किया गया. पौधरोपण के पूर्व दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई. जिसमें उनके पुत्र सतीश शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अभिमन्यु सिंह, जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, भाजपा के नेता अशोक षाड़ंगी, पप्पू षाड़ंगी, दयानंद पानि, जिला मंत्री केश्वर मिश्रा, अवधेश्वर ठाकुर, चंद्रमा पांडे, डीएन सिंह, भरत प्रताप सिंह, सुरेंद्र साव, जितेंद्र सिंह, अजय सिंह, लक्ष्मण प्रसाद राय, जगदीश मंडल, अरविंद सिंह, प्रह्लाद मिश्रा, धर्मेंद्र राय, अभिलाष मिश्रा, बिंदु रानी, कृष्णा मिश्रा, अशोक सिंह, के साथ गणेश महाली, अशोक षाड़ंगी, रविन्द्र नाथ चौबे, धनंजय गुप्ता, अमित सिंह, शैलेश शर्मा, मोहन झा, संजीव सिंह, शनि, अभिलाष मिश्रा, सत्यजीत साहू, अनिल तिवारी, हरे राम दुबे, अमरनाथ ठाकुर, सरोज सिंह, रहिश, पवन, सुधांशु, हेमंत, करण, मुन्ना, गोलू , सूर्यांश, दिवाकर झा सहित कई लोग शामिल हुए.

## प्रयास युवाओं के लिए करियर काउंसलिंग व प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार की जायेगी

# आदिम माहली महाल की बैठक में समाज की एकजुटता व मजबूती पर जोर

**संवाददाता । डुमरिया**

मुसाबनी नंबर-1 स्थित आदिवासी महासभा कार्यालय में रविवार को आदिम माहली महाल की बैठक देश परगना कान्हु राम मार्डी की अध्यक्षता में आयोजित हुई. बैठक में समाज की एकजुटता और मजबूती के लिए आवश्यक कदम बढ़ाने पर चर्चा की गई.

इस बैठक में माहली समाज पूर्वी सिंहभूम जिला के संयोजक मंडली के प्रमुख सदस्य, माझी बाबा और समाज के अग्रणी लोगों ने अपने विचारों को रखा. कहा गया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य महाली समाज को संगठित करना और उनके उत्थान के लिए ठोस रणनीतियां बनाना है.

अक्टूबर महीने के पहले सप्ताह को घाटशिला में महाली समाज के माझी बाबा और अन्य प्रमुख सदस्यों से संवाद कर उन्हें आगामी योजनाओं और निर्णयों की जानकारी देने पर चर्चा की गई. बैठक में कई विषयों पर आगे की रणनीति तय की गई. जिसमें समाज के बच्चों की शिक्षा और समाज के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए योजनाएं बनाई गई. माहली समाज की सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक उपायों पर भी चर्चा हुई. बैठक में समाज की भलाई के लिए टाटा स्टील फाउंडेशन के साथ मिलकर विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया जायेगा. माहली समाज के युवाओं के लिए करियर काउंसलिंग और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जायेगी.

इस बैठक में माहली समाज के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुये सभी सदस्यों से आग्रह किया गया की समाज को मजबूत और संगठित करने के लिए सक्रिय रूप से प्रत्येक बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें. आठ सितंबर को गुड़ाबांदा, 15 को पोटका और 22 सितंबर को चाकुलिया प्रखंड में समाज की बैठक का आयोजन किया जायेगा. बैठक में आदिम माहली माहाल के देश परगना कन्हू राम मार्डी , तोरोफ परगना सोबरा हेंब्रम, तोरोफ माझी डुगू महाली, बासू मार्डी, नन्द लाल महाली, लखन मार्डी, मंगल मुर्मू, बुद्धेश्वर मुर्मू, रुपाई माहली, बुद्धेश्वर मार्डी, सागर माहली, लखी चरण बास्के, सुनील माहली, राकेश मुर्मू, सुरेन माहली आदि उपस्थित थे.



मुसाबनी में बैठक करते आदिम माहली महाल के सदस्य.

### टाटा स्टील फाउंडेशन के साथ बैठक की जानकारी दी

विगत दिनों देश परगना कान्हु राम मार्डी के नेतृत्व में टाटा स्टील फाउंडेशन के साथ हुई बैठक की जानकारी दी गई. जिसमे समाज के उत्थान और सशक्त बनाने के लिए सहयोग की अपील की गई. टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा समाज के प्रतिनिधियों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिया गया. फाउंडेशन द्वारा समाज को गांव स्तर के माझी बाबाओं को सामाजिक अधिकार को लेकर प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव दिया गया. आदिम माहली महाल ने प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार किया.

## न्यूज अपडेट

### श्रीकृष्ण के छठिहार पर हुआ रात्रि जागरण



**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर श्रीश्री 108 हरिनगर राधे कृष्ण मंदिर में शनिवार की रात्रि भगवान कृष्ण के छठिहार पर रात्रि जागरण का कार्यक्रम हुआ. इसमें कृष्ण भक्त रातभर झूमते रहे. बता दें कि यह कार्यक्रम विकास समिति मीरूडीह द्वारा श्रीकृष्ण मंदिर प्रांगण में कराया गया था. भजन कलाकारों ने श्रीकृष्ण के छठिहार के अवसर पर सोहर गीतों की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिलाओं एवं पुरुष मौजूद थे. कार्यक्रम उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह मौजूद थे. पुरेंद्र ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों को हमेशा माताओं और बहनों के सम्मान और सुरक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए. साथ ही साथ समाज में कमजोर वर्गों के विकास और रक्षा के लिए भी तैयार रहना चाहिए.

### अजजा आयोग के अध्यक्ष से मिला भूमिज समाज



**जादूगोड़ा ।** पोटका भूमिज समाज के प्रतिनिधिमंडल ने आज रविवार को रांची में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या से मुलाकात की और उन्हें भूमिज समाज की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया. प्रतिनिधिमंडल ने श्री आर्या की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में भी हिस्सा लिया. बैठक में दिनेश सरदार, युधिष्ठिर सरदार, शुभंकर सिंह, मेयालाल सरदारने शिरकत की. बैठक के बाद भूमिज जनजाति समाज के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश सरदार ने आयोग के अध्यक्ष के समक्ष भूमिज समाज की विभिन्न समस्याओं को लेकर अपनी बातें रखी. कहा कि वर्तमान में झारखंड सरकार द्वारा झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा - 2024 शामिल भूमिज भाषा को हटाया जाना कहीं भी से उचित नहीं है.

### सोलर जलमीनार बंद, पेयजल के लिए परेशान



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के बनकाटा पंचायत अंतर्गत कैमी गांव का सोलर जलमीनार लंबे समय से बंद पड़ा है. ग्रामीणों के मुताबिक गांव में लगभग 35 परिवार और ढाई सौ लोग निवास करते हैं. वहीं बरसात के इस मौसम में ग्रामीण दूसरे टोले में निर्मित जल मीनार एवं चापाकल से अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं. जल मीनार के संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि वे कई बार संबंधित विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधि को इसकी सूचना दे चुके हैं. लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया है. इससे विभाग व जनप्रतिनिधि के प्रति ग्रामीणों में नाराजगी है.

### दिंदली दुर्गा पूजा कमिटी का भूमि पूजन कल



**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को श्रीश्री दिंदली सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी को लेकर एक बैठक संपन्न हुई. जिसमे पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन हुआ. बैठक में दुर्गा पूजा का भूमि पूजन कल 2 सितंबर को सुबह 11:00 बजे करने का भी निर्णय लिया गया. नई कमिटी में सर्वसम्मति से संरक्षक छबि महतो, अध्यक्ष, लालटू महतो, उपाध्यक्ष रितेन महतो, महासचिव रतन गोराई, सचिव छूटन महतो, सह सचिव मनशा महतो, कोषाध्यक्ष संजय महतो एवं गुरजीत सिंह तथा सह कोषाध्यक्ष मनोज मंडल एवं रवि महतो को बनाया गया है. आज की बैठक में सपन महतो, बुद्धेश्वर आचार्य, तरुण दास, सुखदेव सरदार, विजय सिंह, जोकी लोहार, कृष्ण महतो, मनशा नायक, हबलू आचार्य, गणेश दास, गणेश महतो एवं अन्य बस्तीवासी उपस्थित थे.

### करम महोत्सव में पीएम मोदी को किया आमंत्रित



**जमशेदपुर ।** सामाजिक संगठन कुड़मी सेना ने आगामी 15 सितंबर को बिस्टुपुर गोपाल मैदान में ही आयोजित होनेवाले "करम महोत्सव" में बतौर मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने का अनुरोध किया. इस संबंध में एक आग्रह पत्र संगठन की ओर से प्रधानमंत्री को भेजा गया. 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित शहर आगमन को देखते हुए संगठन ने यह आग्रह किया. इस संबंध में कुड़ामी सेना के चेयरमैन शैलेंद्र ने उपायुक्त एवं भारतीय जनता पार्टी के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा को उनके कार्यालय में पत्र सौंपा. साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय को ई मेल से आग्रह पत्र भेजा. पत्र में उन्होंने आग्रह किया है कि करम महोत्सव कुड़मी समाज का सांस्कृतिक धरोहर है. उक्त आयोजन गोपाल मैदान में प्रस्तावित है, जिसमे कई सांस्कृतिक आयोजन होंगे. अगर प्रधानमंत्री इस आयोजन में शामिल होंगे, तो समाज का भी मान बढ़ेगा. उक्त पत्र की प्रतिलिपि सांसद बिद्युत बरण महतो सहित भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व झारखंड प्रभारी को भी भेज दी गई है.

### साकची में कई महिलाएं झामुमो में शामिल



**जमशेदपुर ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के साकची स्थित संपर्क कार्यालय में रविवार को कई महिलाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा. इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव मोहन कर्मकार, शेख बदरुद्दीन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रावती महतो के अलावा पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे. सभी ने नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत फूलों की माला पहनाकर किया. मोहन कर्मकार एवं चंद्रावती महतो ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ पूरे राज्य में लाखों महिलाओं को मिल रहा है. इसी से प्रेरित होकर महिलाएं झामुमो में शामिल हो रही है. आज सपना सोना के नेतृत्व में कई समर्थकों के साथ हमारी पार्टी के विचारधारा से जुड़ने का काम किया है.

### बालीगुमा में रामदास सोरेन का किया स्वागत



**जमशेदपुर ।** घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह राज्य के मंत्री रामदास सोरेन का रविवार को पूर्व जिला परिषद सदस्य पिंटू दत्ता के नेतृत्व में बालीगुमा में स्वागत किया गया. स्वागत समारोह में आसपास के तमाम ग्रामीण एवं उनके जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे. इस दौरान मंत्री रामदास सोरेन ने कहा की उनके पास समय काफी कम समय है और जिम्मेवारी ज्यादा है, जिस कारण वे अपने विभागों के कार्यों मे तेजी लाएंगे, साथ ही कहा कि जो योजना पूर्व से चल रही है उनपर भी वे विशेष ध्यान देंगे. उन्होंने कहा कि रांची मे विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे ताकि जो भी योजना रुकी हुई है उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जा सके. वहीं पूर्व जिला परिषद पिंटू दत्ता ने कहा कि झामुमो जैसे पूर्व में मजबूत थी आज भी वैसी ही है.

## केरा गांव का 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को डीसी को सौंपेगा ज्ञापन

# लोगों की चेतावनी, जर्जर स्कूल भवन नहीं बनाया तो करेंगे वोट बहिष्कार

संवाददाता । चक्रधरपुर

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर स्थित केरा गांव का उड़िया मध्य विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में है. शिक्षा परियोजना परिषद के आदेश पर 2019 में स्कूल में बने 10 में से छह जर्जर कमरे तोड़ दिये गये थे.

पांच साल बीतने के बाद भी इन कमरों का निर्माण नहीं कराया गया है. इस कारण बच्चे बरामदे में बैठकर पढ़ाई करने को विवश हैं. स्कूल की ऐसी हालत को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हैं. इसको लेकर रविवार को ग्रामीणों ने बैठक की. इसमें निर्णय लिया गया कि अगर सरकार और प्रशासन स्कूल भवन का जीर्णोद्धार और शिक्षकों की बहाली नहीं करेगी तो वे आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे.



चक्रधरपुर स्थित केरा गांव के उड़िया मध्य विद्यालय भवन में बैठक में उपस्थित ग्रामीण व अन्य.

### स्कूल के 10 में से छह जर्जर कमरे तोड़े, बना एक भी नहीं

बता दें कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने राज्य के कुल 4431 स्कूलों के जर्जर भवनों को चिन्हित किया था, जिसमें से 3428 स्कूलों के भवनों को बच्चों की सुरक्षा की खातिर तोड़ने का निर्देश दिया था. विभागीय निर्देश पर साल 2019 में केरा के उडिया मध्य विद्यालय के 10 में से छह जर्जर कमरे आनन-फानन में तोड़ दिये गये. लेकिन इसे बनाना भूल गये. यह दर्शाता है कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की प्लानिंग और उसे धरातल पर उतारने के बीच गहरी खाई है. यह खाई इतनी चौड़ी है कि इसे पाटने में पूरा सिस्टम लगने के बावजूद नतीजा सिफर है.

### प्रतिनिधिमंडल की ये हैं प्रमुख मांगें

केरा गांव के उड़िया मध्य विद्यालय में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्रामीणों का 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल डीसी से मंगलवार को मुलाकात करेगा और ज्ञापन सौंपेगा. इस ज्ञापन के जरिये केरा के उड़िया मध्य विद्यालय के भवन निर्माण, उड़िया टीचर की बहाली और हाई स्कूल में अपग्रेड करने की मांग की जायेगी. अगर डीसी इस संबंध में उचित पहल नहीं करेंगे तो वे विवश होकर स्कूल का तालाबंदी करेंगे. फिर भी अगर इससे संबंधित पॉजिटिव आदेश नहीं आता है तो वोट बहिष्कार करेंगे.

## पश्चिमी सिंहभूम में मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार, अवैध वेंडर बना लाखों की कर रहे निकासी

# फर्जी तरीके से दिया जा रहा जीएसटी बिल : मनरेगा लोकपाल

- 80% रजिस्टर्ड वेंडरों के पास सामग्री सप्लाई की अपनी दुकान नहीं
- रोजगार सेवक, विभागीय पदाधिकारी व पंचायत प्रतिनिधि संदेह के घेरे में

संवाददाता । किरीबुरु

पश्चिमी सिंहभूम जिला के विभिन्न प्रखंडों व पंचायतों में संचालित मनरेगा योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार की वजह से योजनाएं धरातल पर पूरी तरह से उतर नहीं पा रही हैं. विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारी, रोजगार सेवक, वेंडर और पंचायत प्रतिनिधियों का गठजोड़ मनरेगा योजनाओं के पैसों की भारी लूट मचाये हुये हैं. दर्जनों मजदूरों को जॉब कार्ड के जरिये रोजगार देने के नाम पर उनके खाते में बिना काम किये पैसा डाल पुनः उनके खाते से पैसा निकाल मजदूरों को मामूली पैसा देकर भारी गोलमाल किया जा रहा है.

मनरेगा योजनाओं में सामग्री आपूर्ति करने वाले लगभग 80 फीसदी रजिस्टर्ड वेंडरों की अपनी सामग्री सप्लाई की दुकान तक नहीं है. इस संबंध में जब मनरेगा लोकपाल अरुणाभ कर से पूछा गया तो उन्होंने बेबाकी से कहा कि यह सही है कि पूरे जिले में कुछ प्रखंड को छोड़ बाकी प्रखंड व पंचायत में भारी लूट व अनियमितता है.

**वेंडरों के पास अपनी दुकान होना जरूरी**

उन्होंने कहा कि जिले में रजिस्टर्ड 80 फीसदी वेंडरों की अपनी दुकान नहीं है, जबकि उनका दुकान होना अनिवार्य है. दुकान के आगे डिस्प्ले बोर्ड लगा होना चाहिए, जिसमें जीएसटी नम्बर, पता, फर्म का नाम



लिखा होना चाहिए. इसके अलावे जिन सामग्रियों को वह सप्लाई करते हैं, उसका स्टॉक दुकान में होना चाहिये. उन्होंने कहा कि सबसे आश्चर्य की बात है कि ब्लॉक में वेंडर का बही-खाता तक नहीं है. जगन्नाथपुर प्रखंड की जांच में एक वेंडर के पास पंचायत का 60 लाख रुपये पाया गया. बाद में उसे रिकवर किया गया. ये रुपये मुखिया व पंचायत सचिव द्वारा दिया गया था.

ऐसे लगभग 90 करोड़ रुपये विभिन्न वेंडरों के पास पकड़ा गया था. ऐसे पैसों का कोई हिसाब लेने वाला नहीं है. ये वेंडर बिना सामग्री सप्लाई के सिर्फ जीएसटी बिल फर्जी तरीके से काट रहे हैं. वेंडरों का बही-खाता का संधारण कर रॉयल्टी का चालान कटवाना सुनिश्चित हो. जांच करने पर बीडीओ का सहयोग नहीं मिला था. वे लोकपाल से भिड़ भी गये थे. उन्होंने कहा कि बीडीओ को जिला व स्टेट पदाधिकारी बचाने में लग जाते थे.

### मिट्टी जांच के लिए नहीं है लैब

सबसे आश्चर्य की बात है कि तालाब, बागवानी आदि कार्य के लिए मिट्टी जांच का लैब तक नहीं है. बिना मिट्टी की जांच के कैसे यह काम हो रहा है. पौधा व तालाब का पानी सूख जायेगा. सभी प्रकार की मिट्टियों के लिये एक तरह का खाद सप्लाई होता है. उन्होंने कहा कि जिले में मनरेगा कार्यालय होना चाहिये. प्रखंड कार्यालय में एक रजिस्टर हो, जिसमें योजना, एमबी बुक से जुड़ा एक यूनिक नम्बर दर्ज हो तथा बीडीओ का उसमें हस्ताक्षर हो. कृषि विभाग द्वारा सभी मुखिया को प्रशिक्षण देने का कार्य हो. जेई, एई कार्यस्थल पर नहीं जाते, इनपर जिम्मेदारी तय हो.

# झारखंड पिछड़ी मोर्चा विस चुनाव में दमयंती को बनाएगा प्रत्याशी

संवाददाता । चक्रधरपुर

आगामी विधानसभा चुनाव में चक्रधरपुर से झारखंड पिछड़ी मोर्चा के बैनर तले दमयंती नाग चुनाव लड़ेंगी. इसकी घोषणा रविवार को चक्रधरपुर के पोड़ाहाट स्टेडियम में झारखंड पिछड़ी मोर्चा की ओर से आयोजित महासम्मेलन के दौरान की गई. महासम्मेलन में झारखंड पिछड़ी मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष जय जगन्नाथ प्रधान ने कहा कि झारखंड पिछड़ी मोर्चा ने शक्ति प्रदर्शन से यह साबित कर दिया है कि जनता उनके साथ है. प्रत्येक पांच साल में लोग अपना बहुमूल्य वोट देकर नेता को चुनते हैं, लेकिन नेता अपने स्वयं के विकास में लगे रहते हैं. जनता की समस्याओं को भुला दिया जाता है. हमें ऐसे नेताओं से बचने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि झारखंड पिछड़ी मोर्चा का गठन पिछड़े व दलितों को एकजुट करने के लिए किया गया है. हम समाज को सशक्त करेंगे, ताकि लोगों को नेताओं के भरोसे नहीं रहना पड़े. पूर्व जिला परिषद सदस्य की प्रत्याशी दमयंती नाग ने कहा कि उनके पति श्याम सुंदर नाग एक समाजसेवी थे और वह हमेशा लोगों के सेवा में लगे रहते थे. मौके पर अधिवक्ता आदिकांत षाड़ंगी ने कहा कि झारखंड पिछड़ी मोर्चा दमयंती नाग जैसी स्वच्छ छवि की महिला को प्रत्याशी के रुप में चुनावी मैदान में उतारेगा. इस अवसर पर भाग दो की जिला परिषद सदस्य नयना देवी, यदुवंशी जागृति मंच के सचिदानंद प्रधान, पूर्व शिक्षक शरदचंद्र प्रधान, गौड़ सेवा संघ के केन्द्रीय सलाहकार गौरी शंकर प्रधान, जगदीश चंद्र महतो समेत अन्य ने भी संबोधित किया. मौके पर विभिन्न गांव के बड़ी संख्या में महिला-पुरूष लोग मौजूद थे.

# जिला बार एसोसिएशन चाईबासा का जल्द बनेगा नया भवन : दीपक बिरुवा

**चाईबासा** । परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा से रविवार को उनके स्थानीय कार्यालय में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद व अधिवक्ता सह सामाजिक कार्यकर्ता राजा राम गुप्ता ने भेंट की. जिला बार एसोसिएशन चाईबासा परिसर में नए बार भवन के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से वार्ता कर निर्माण के लिए मंत्री ने जो पहल की है उसके लिए उन्हें पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया. मंत्री बिरुवा ने बताया कि नए भवन की निर्माण संबंधी प्रक्रिया बहुत जल्द प्रारंभ हो जाएगी. इससे बार के अधिवक्ताओं को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. उससे बहुत जल्द निजात मिल जाएगी. मालूम हो कि आजादी के 77 वर्षों के बाद भी अधिवक्ताओं के लिए जिला बार एसोसिएशन के भवन का निर्माण की दिशा में कोई पहल नहीं की गई थी.

# 100 बॉल क्रिकेट लीग का विजेता बना देवेंद्र माझी स्पोर्ट्स फाउंडेशन

## विप्लब मंडल मैन आफ द मैच और फरहान बने प्लेयर आफ द टूर्नामेंट

संवाददाता । चक्रधरपुर

शाह स्पोर्ट्स क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में स्थानीय भारत भवन मिनी स्टेडियम में आयोजित द 100 बाल पोड़ाहाट क्रिकेट लीग का विजेता देवेंद्र माझी स्पोर्ट्स फाउंडेशन की टीम बनी. रविवार को खेले गये खिताबी मुकाबले में देवेंद्र माझी स्पोर्ट्स फाउंडेशन की ने चक्रधरपुर क्रिकेट कैंप को आठ विकेट से पराजित कर दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए चक्रधरपुर क्रिकेट कैंप की टीम 86 रन पर ऑल आउट हो गई. वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवेंद्र माझी स्पोर्ट्स फाउंडेशन की टीम ने 56 गेंदों का सामना करते हुए दो विकेट खोकर आसानी से जीत हासिल कर ली. विप्लब मंडल मैन ऑफ द मैच के अलावा सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक एवं बल्लेबाज चुने गये. फहरान को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के साथ सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया. सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर का पुरस्कार



वेदांत शर्मा एवं सर्वश्रेष्ठ कैच के लिए यश श्यामरीवाल को चुना गया. इस दौरान मुख्य अतिथि झामुमो के युवा नेता सह सांसद जोबा माझी के पुत्र सह झामुमो युवा नेता जगत माझी ने विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की. विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मनोज भगेरिया ने उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया. मौके पर प्रशांति साहा, इकबाल खान, ओवैश अंसारी, शाहनवाज अंसारी, मंजर आलम, डा. शिवपूजन सिंह, मोयनक दत्ता, कमल सरकार, मोहम्मद जलाल, परेवज आलम, विशु घोष, महफुलज आलम, मोहम्मद शादाब, पी. त्रिपाठी, मकसूद आलम, अफसर अमीन, गौस खान, मोहम्मद जावेद, रमेश बोदरा समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे.

# बाबा गणिनाथ शोषण, अत्याचार, अन्याय के विरोधी थे : लालू पांडे

**किरीबुरु** । संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ जयंती समारोह बड़बिल स्थित श्री बांके बिहारी भवन में धूमधाम से मनाई गई. इस समारोह में मधेशिया हलवाई समाज के सैकड़ों पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए. समारोह का शुभारम्भ छत्तीसगढ़ से आए मुख्य अतिथि श्री श्री गणिनाथ गोविंद जी के राष्ट्रीय महामंत्री ओम प्रकाश गुप्ता ने झंडोत्तोलन कर किया. इसके बाद विधिवत पूजा अर्चना की गई. पूजा अर्चना के बाद हवन कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोग सपरिवार सम्मिलित हुए. मुख्य पुजारी लालू पांडे ने कहा कि बाबा परम तपस्वी थे. उन्होंने दिव्य शक्तियां अर्जित की थी. वे शोषण, अत्याचार, अन्याय के प्रखर विरोधी थे तथा समस्त मानव जाति के कलुषित भेदभाव को मिटा कर उन्हें सदमार्ग पर ले जाने वाले तेजस्वी पुरुष थे. उन्होंने लोगों से क्रोध, मोह, लोभ का त्याग करने आदि को अपने जीवन में अपनाने की सलाह दी.

# डीसी व एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

संवाददाता । किरीबुरु

गुवा में 8 सितम्बर को आयोजित होने वाले शहीद दिवस के मद्देनजर उपायुक्त कुलदीप चौधरी, एसपी आशुतोष शेखर के नेतृत्व में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने एक सितम्बर को गुवा का दौरा किया.

इस दौरान अधिकारियों ने गुवा शहीद स्मारक, एरोड्राम, कार्यक्रम स्थल, वीआईपी लोगों के आवागमन व ठहरने आदि स्थानों का निरीक्षण व सुरक्षा का जायजा लिया. इस दौरान पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को व्याप्त खामियों को दूर करने का निर्देश दिया.

शहीद दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावे कई मंत्री, विधायक, सांसद के अलावे बड़ी हस्तियां शामिल होंगे. इनकी सुरक्षा व व्यवस्था में कोई चूक नहीं हो इस हेतु यह दौरा किया गया. इस दौरान डीडीसी संदीप मीणा, एसडीओ मुकेश मछुवा, मनोहरपुर के अनुमंडल पदाधिकारी, एसडीपीओ, इन्स्पेक्टर, थाना प्रभारी आदि अधिकारी मौजूद थे.



स्थलों का निरीक्षण करते डीसी और एसपी व अन्य अधिकारी.

### विधायक सुखराम ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

**किरीबुरु** । गुवा शहीद दिवस को ऐतिहासिक बनाने को लेकर झामुमो के जिलाध्यक्ष सह विधायक सुखराम उरांव अन्य पदाधिकारियों के साथ गुवा पहुंचे. सुखराम उरांव ने गुवा शहीद स्थल, कार्यक्रम स्थल तथा मुख्यमंत्री, मंत्री आदि नेताओं के ठहरने के स्थल का जायजा लिया. गुवा डाक बंगला में उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर जिला व विधानसभा स्तरीय तैयारी समिति का गठन किया. जिला स्तरीय तैयारी समिति में मंत्री दीपक बिरुवा, सांसद जोबा माझी, विधायक सुखराम उयंव, विधायक निरल पूर्ति, भुवनेश्वर महतो, सोनाराम देवगम, जिप अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, दिनेश



चन्द्र महतो, राहुल आदित्य, प्रेम गुप्ता, सोहेल अहमद को रखा गया है. विधानसभा तैयारी समिति में जिप अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन एवं राहुल आदित्य के अलावे बामिया माझी, आलोक अजय तोपनो, वृन्दावन गोप (पूजा पाठ व्यवस्था), मंगल पुरती, मो. तबारक, दुर्गा चरण देवगम, रिमु बहादुर थापा, अशोक दास, चुमन लाल लागुरी, मनोज लागुरी, मो. युसुफ, कमल बोबोंगा, संदेश सरदार, सारिक रजा, शंकर आदि मौजूद थे.

# सारंडा जंगल से गिरफ्तार 7 लकड़ी तस्कर भेजे गए जेल

**किरीबुरु** । सारंडा के अंकुवा आरक्षित वन से पेड़ों की अवैध कटाई कर ले जाने के आरोप में गिरफ्तार सात लोगों को वन विभाग ने रविवार को जेल भेज दिया. सारंडा डीएफओ अभिरुप सिन्हा के निर्देशानुसार कोयना वन प्रक्षेत्र मनोहरपुर, ससंगदा वन प्रक्षेत्र किरीबुरू एवं गुवा वन प्रक्षेत्र गुवा के रेंजर व वनकर्मियों के द्वारा संयुक्त बडी.कार्यवाही करते हुये सारंडा के अंकुवा आरक्षित वन से पेड़ों को अवैध रुप से कटाई व चिरान कर परिवहन करने के आरोप में इन्हें गिरफ्तार किया था. इनके पास से तस्करी की लकड़ी, दो कार व छह मोबाइल भी जब्त किया गया है. इस संबंध में गुवा के रेंजर परमानंद रजक ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहम्मद सादिक, गणेश अंगरिया, राजु अंगरिया, लोदरो अंगरिया, कुदा कोड़ा, मो सिराजुद्दीन शामिल हैं.

## विरोध | पूर्व विधायक ने मेघाहातुबुरु सामुदायिक भवन में समर्थकों के साथ की बैठक

# भाजपा, मधु व गीता के झांसे में नहीं आयें : मंगल सिंह बोबोंगा

- मधु कोड़ा ने पावर में रहते वनपट्टा क्यों नहीं दिया
- खदान खुलेगा तो 80 फीसदी बाहरी को मिलेगी नौकरी

दिलीप कुमार । किरीबुरु

पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने मेघाहातुबुरु स्थित सामुदायिक भवन में अपने समर्थकों के साथ बैठक की. बैठक में उन्होंने कहा कि भाजपा एवं कोड़ा दम्पती का किसी भी परिस्थिति में साथ नहीं दें. पिछले 25 साल तक दोनों पावर में रहे लेकिन कुछ नहीं कर अब लोगों को बरगला रहे हैं. आज पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं पूर्व सांसद गीता कोड़ा पूरे क्षेत्र में खदान खोलने, वनाधिकार का पट्टा दिलाने के लिये पदयात्रा कर रहे हैं.



समर्थकों के साथ मंगल सिंह बोबोंगा व अन्य.

जब मधु कोड़ा मुख्यमंत्री थे तब यहां के एक भी आदिवासियों को वनाधिकार का पट्टा क्यों नहीं दिया. सांसद, विधायक रहते गीता कोड़ा ने सदन में इसके लिये आवाज क्यों नहीं उठायी. उन्होंने कहा कि सारंडा व क्षेत्र के युवाओं को उच्च व तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु प्रयास नहीं हो रहा है, ताकि वे अपनी योग्यता के बल पर रोजगार अथवा नौकरी पा सकें. खदान खुलेगा तो 10-20 फीसदी ही यहां के लोगों को नौकरी मिलेगी, बाकी 80 फीसदी बाहरी लोग नौकरी व तमाम व्यवसाय पर कब्जा कर लेंगे. उन्होंने कहा कि आज इस क्षेत्र की सड़कों को फोर लेन बनाने की तैयारी चल रही है, ताकि चिड़िया व अंकुआ खदान को अडानी को देकर खनिज संपदा की लूट करायी जा सके. झारखंड में भाजपा ने दो-दो मुख्यमंत्री को प्रभारी बनाया है, ताकि यहां की सम्पदा को लूट सके. भाजपा में अभी झारखंड के पांच पूर्व मुख्यमंत्री हैं, जिस पर भाजपा को भरोसा नहीं है. पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन जब से भाजपा का चश्मा पहने हैं तब से बंग्लादेशी खतरा लगने लगा है. इससे पहले विधायक, मंत्री व मुख्यमंत्री थे तब उन्हें खतरा नहीं लग रहा था. उस समय सब ठीक दिख रहा था. हम क्षेत्र की आप जनता को ऐसे लोगों से सावधान करने आये हैं. बैठक में फिरोज अहमद, गौतम माझी, अभिषेक सिंकु, सुरेश टुट्टी, भूषण टुट्टी, अशोक मालुवा, पप्पू शेख, इमिल तोपनो, मालती देवगम,पालो सोय, सीता बानरा, पंसस मुक्ता मुण्डू आदि मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### पिकअप वैन की ठोकर से एक की मौत की मौत

**चाईबासा** । महुलसाई (मतकमहातु) में रविवार की सुबह एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने स्कूटी सवार दो लड़कियों को ठोक दिया. इस दुर्घटना में एक लड़की की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. दुर्घटना के बाद स्कूटी चालक ने करीब 400 मीटर तक घसीटा. लड़की की दर्दनाक मौत से स्थानीय लोग भयभीत हो गए. दूसरी घायल हो गयी. स्थानीय लोगों ने पिकअप वैन के चालक को पकड़कर खंभे से बांध दिया और पुलिस को सूचित कर दिया. घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है. दोनों खूंटा गांव की हैं और चचेरी बहन हैं. घटना को देखने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को गिरफ्तार कर लिया.



### गुवा में बाल गोपाल श्री कृष्ण की छठिहारि मनाई गई

**किरीबुरु** । योग नगर, गुवा स्थित शिव मंदिर एवं रामनगर स्थित राम मंदिर प्रांगण में बाल गोपाल की छठिहारि उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया. श्री कृष्ण जन्माष्टमी के छठे दिन इस उत्सव को मनाने की परंपरा रही है. इसके तहत शनिवार को पुजारी नागेंद्र पाठक ने बाल गोपाल की प्रतिमा को दूध से स्नान करवा कर नए वस्त्र पहनाकर श्रृंगार व पूजा अर्चना की. इस दौरान स्थानीय बच्चों के बीच भोग व मिष्टान्न वितरण किया गया. इस दौरान गुवा के सीजीएम कमल भास्कर, सीआईएसएफ के उप कमांडेड राकेश चंदन, महाप्रबंधक राकेश नंदकोलियर, उप महाप्रबंधक डॉ टीसी आनंद, महाप्रबंधक संजय बनर्जी, स्वामीनाथ शर्मा, पंकज, राम नारायण सिंह, संतोष बेहेरा, सीमा प्रधान, विनीता, डॉ बिप्लब, सुरेश आदि मौजूद थे.



### आदिवासी मित्र मंडल के अधिवेशन की तैयारी बैठक

**चक्रधरपुर** । आदिवासी मित्र मंडल का अधिवेशन 13 अक्टूबर को होगा. इसे लेकर समिति की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है. रविवार को चक्रधरपुर के पोटका स्थित आदिवासी मित्र मंडल प्रांगण में बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता समिति के पूर्व सचिव गणेश कुदादा ने की. इसमें तय किया गया की 13 अक्टूबर को अधिवेशन के दौरान नए कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा.इसे लेकर रविवार से सदस्यता अभियान की शुरुआत भी की गई. अधिवेशन को सफल बनाने के लिए अंतरिम कमेटी का भी गठन किया. जहां अध्यक्ष सुखराज सुरीन, उपाध्यक्ष कुशल माझी, सचिव रविंद्र गिलुवा, कोषाध्यक्ष अर्जुन मुंडा को बनाया गया. मौके पर समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय केरकेट्टा, विजय सिंह सामड, कालिया जामुदा आदि मौजूद थे.



### ओडिसी नृत्य के जरिये बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**किरीबुरु** । महेश्वर डांस अकादमी द्वारा 31 अगस्त की रात सामुदायिक भवन मेघाहातुबुरु में धरोहर, अपनी संस्कृति, अपनी सभ्यता थीम पर आधारित वार्षिक उत्सव मनाया गया. इस कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि स्टेला सेलबम, विशिष्ट अतिथि पुष्पा सुमन, सुषमा योगेश राम, सुनीता थापा, सीमा परीडा, डीसी परीडा, सबिता दयानन्द, महेश्वर मल्लिक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यक्रम में उक्त अकादमी के बच्चों ने अपनी मनमोहक, आकर्षक ओडिसी नृत्य कला को प्रदर्शित कर सबको प्रभावित किया. स्टेला सेलबम ने कहा कि नृत्य कला के धनी महेश्वर मल्लिक अकादमी के माध्यम से शहर के मासूम बच्चों को नृत्य कला में महारथ हासिल करा अभी से ही उनमें अच्छा हुनर देने का कार्य कर रहे हैं.



### फेडरेशन ने मनाया द्वितीय पेंशन पुनर्स्थापना दिवस

**चांडिल** । झारखंड ऑफिसर टीचर एंप्लॉय फेडरेशन के सरायकेला-खरसावां जिला इकाई की ओर से रविवार को द्वितीय पेंशन पुनर्स्थापना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वपन कुमार महतो, ब्लड बैंक के एडमिनिस्ट्रेटर शक्तिधारी सिंह, समाजसेवी खुदीराम महतो आदि शामिल हुए. सभी अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया गया. इसके बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर और केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. इस दिवस विशेष के उपलक्ष्य में ब्रह्मानंद नारायण हृदयालय ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि रक्तदान सबसे महान काम है.



### कॉलेज बनाने में विधायकों ने नहीं दिखायी रूचि : सुखराम

**चांडिल** । स्वच्छ चांडिल स्वस्थ्य चांडिल के संस्थापक सुखराम हेम्ब्रम की सामाजिक विकास के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा, आजसू पार्टी व अन्य दलों के कई लोगों ने सामाजिक संस्था स्वच्छ चांडिल व स्वच्छ चांडिल का दामन थामा. संगठन से जुड़ने वालों में आजसू पार्टी के खगेन मुदी, भाजपा के निखिल चंद्र महतो, भक्तरंजन मंडल, कल्याण सिंह, धारण सिंह के अलावा 37 लोगों ने स्वच्छ चांडिल स्वस्थ्य चांडिल सामाजिक संस्था का दामन थामा. सभी नव आगंतुकों को संस्था के संस्थापक सुखराम हेम्ब्रम ने फूल माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर संस्था में शामिल कराया. सुखराम हेम्ब्रम ने कहा कि चांडिल में महिला डिग्री कॉलेन बनाने में अब तक किसी भी विधायक ने रुचि नहीं दिखाई है.



### केचोडीह टोला में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी

**चक्रधरपुर** । चक्रधरपुर प्रखंड मुख्यालय से लगभग 22 किमी दूर सुदूरवर्ती क्षेत्र नलिता पंचायत के कायदा गांव के केचोडीह टोला में सोलर जलमीनार से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है. इससे गांव के ग्रामीण पीने का पानी के लिए परेशान हैं. केचोडीह टोला में लगे सोलर जलमीनार की टंकी का सोलर प्लेट जून महीने में हुई तेज आंधी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है. सोलर जलमीनार के सोलर प्लेट को ठीक कराने की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने रविवार को पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई को अवगत कराया और समस्या के समाधान की मांग की. डॉ. विजय ने कहा कि वे ग्रामीणों द्वारा दिये गये आवेदन को विभाग के अधिकारियों को सौंपेंगे.



### इचाक प्रखंड के करिमाटी के सिमाना स्थित सेवाने नदी पर चार करोड़ नौ लाख की लागत से हो रहा पुल का निर्माण

# पुल निर्माण में अनियमितता के विरोध में धरने पर बैठे ग्रामीण

- जब तक गुणवत्ता की जांच नहीं होगी तब तक काम बंद रहेगा : गौतम कुमार
- अनियमितता सिद्ध होने पर ठेकेदार का लाइसेंस निरस्त हो : चंदन मेहता

**संवाददाता। हजारीबाग**


पुल निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता का विरोध करते ग्रामीण.

इचाक प्रखंड के करिमाटी गांव के सिमाना स्थित सेवाने नदी पर चार करोड़ नौ लाख रुपये की लागत से पुल का निर्माण हो रहा है, जो मुख्य रूप से बरकट्ठा व सदर विधानसभा को जोड़ती है. ग्रामीणों ने पुल निर्माण के लिए कई वर्षों से अथक प्रयास किये थे, लेकिन इसके निर्माण कार्य में ठेकेदार की ओर से घोर अनियमितता बरती जा रही है. उनका कहना है कि जब पुल का पिलर खड़ा हो रहा था उस समय भी घटिया सीमेंट, कम मात्रा में रॉड, मिट्टी युक्त बालू व छर्री का उपयोग किया गया. गार्डवाल का निर्माण भी बुनियाद से नहीं कराकर 10 फीट ऊपर से किया जा रहा है.

इसका विरोध करते हुए ग्रामीण कार्यस्थल के पास धरने पर बैठ गए. ठेकेदार तेरी मनमानी नही चलेगी, अनियमितता की जांच करनी होगी, ठेकेदार का लाइसेंस निरस्त करो आदि नारे लगाने लगे. ग्रामीणों के समर्थन में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से जेबीकेसस के क्रांतिकारी नेता गौतम कुमार ने कहा कि इस पुल के निर्माण में एक करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च नहीं हुआ होगा. सारा पैसा ठेकेदार बचा रहा है. यह जिस तरह से बन रहा कुछ ही वर्षों में धाराशायी हो जाएगा. इसकी जांच उच्च पदाधिकारियों से हो तभी आगे का कार्य चालू होगा. अन्यथा काम अनिश्चितकाल तक बंद रहेगा. वहीं करिमाटी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंदन मेहता ने कहा कि ये हमारी पंचायत का मामला है. हम इस तरह से भ्रष्टाचार नहीं होने देंगे. इसकी जब तक जांच नही होगी हमलोग धरने पर बैठे रहेंगे. हमलोग बार-बार निर्माण कार्य में सुधार करने को कहते हैं, तो ठेकेदार उल्टा ही हमें धमकी देता रहता है. कृष्णा मेहता ने कहा कि यहां कोई भी व्यक्ति देखकर बोल देगा कि पुल में कुछ दम नहीं है. यह कभी भी गिर सकता है. गार्डवाल भी एक तरफ से निबटा दिया गया है. अगर इसकी जांच सही से हो तो कई पदाधिकारी निश्चित तौर पर फसेंगे. धरने में मुरली मेहता, सागर कुमार, राकेश मेहता इत्यादि ग्रामीण मौजूद थे.

# मार्खम कॉलेज कंपनी के रिकी गुप्ता थल सैनिक कैंप के लिए चयनित

**संवाददाता। हजारीबाग**



22 झारखंड एनसीसी बटालियन के अंतर्गत मार्खम कॉलेज कंपनी के सार्जेंट रिकी कुमार गुप्ता का चयन थल सैनिक कैंप में हुआ है. यह शिविर राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जहां रिकी पूरे झारखंड एवं बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे. मैप रीडिंग में अचूक पता निकाल कर उन्होंने राज्य स्तर पर अपना लोहा मनवाया है.

इससे पूर्व, रिकी ने इंटर कॉलेज कंपटीशन, इंटर बटालियन कंपटीशन, इंटर ग्रुप कंपटीशन में सर्वोच्च प्रदर्शन किया. अब बिहार एवं झारखंड डायरेक्टरेट का ऑल इंडिया स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे. चार साल के बाद इस महाविद्यालय से किसी कैडेट का थल सेना कैंप में चयन हुआ है. महाविद्यालय प्रबंधन, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दी हैं. रिकी मूल रूप से गिरीडीह जिले के रहने वाले हैं. हजारीबाग से स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं. थल सैनिक शिविर में चयन होने के बाद उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए अपने सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल कुशवाहा एवं केयर टेकर ऑफिसर संतोष रविदास सहित सभी सीनियरों के प्रति आभार प्रकट किया. कहा कि सभी के मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से उनका चयन हो पाया है.

## ब्रीफ खबरें

### दुर्गा पूजा समिति का गठन, अश्वनी अध्यक्ष

**मयूरहंड़(चतरा)।** मयूरहंड दुर्गा मंदिर में शनिवार की शाम ग्रामीणों की बैठक रामभरोस सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अश्वनी सिंह को अध्यक्ष, पिंटू कुमार राणा को सचिव व बुधन साव को कोषाध्यक्ष बनाया गया. बैठक में दुर्गा पूजा उत्साह के साथ भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया. इस अवसर पर महेंद्र नायक, अलखदेव सिंह, कल्लू सिंह, मनोज राणा, रणधीर सिंह, संतोष सिंहा, रामेश्वर प्रजापति, किशोर केशरी, संजय प्रजापति, नेमन प्रजापति, चंदर साव, राजू राम, संजय साव, बिल्टू महतो, रामबृक्ष राम, उदय लाल, सीटन सिंह, कारू राम, सुबोध, ज्ञानी समेत कई लोग उपस्थित थे.

### पदमा में विहिप ने मनाया 60वां स्थापना दिवस

**पदमा।** प्रखंड स्थित एनएच 33 के समीप मां विंध्यवासिनी कॉलेज में रविवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा 60 वां स्थापन दिवस मनाया गया. कार्यकम में लगभग 500 से अधिक लोग उपस्थित रहे. इस दौरान जिला से आए पदाधिकारियों ने अपने वक्तव्य रखे. इसमें जिला मंत्री अरविंद मेहता, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला संयोजक प्रशांत सिंह, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर, जिला सह संयोजक जय सोनी, विश्व हिंदू परिषद जिला कार्य समिति सदस्य अयोध्या मेहता, विहिप प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, विहिप प्रखंड मंत्री ऋषिकेश मेहता, उपाध्यक्ष कुलदीप रविदास, प्रदीप मेहता, सह मंत्री निशांत सिंह, बजरंग दल प्रखंड संयोजक पंकज मेहता, सह संयोजक सिकंदर मेहता, प्रखंड मिलन प्रमुख शिशुपाल राणा आदि मौजूद रहे.

### मुसीबत : आदिवासी बहुल गांव सिजुआ का मुख्य मार्ग बारिश में बहा

# मरीज टीमनी को इलाज के लिए खाट पर भी नहीं ले जा सके परिजन

**संवाददाता। बरकट्ठा (हजारीबाग)**


खाट पर लेटी मरीज, जिसको शहर नहीं ले जाया जा सका.

प्रखंड क्षेत्र की चेचकपी पंचायत का ग्राम सिजुआ आदिवासी बहुल है. यह ग्राम प्रखंड मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है. इसका छह किलोमीटर मार्ग उबड़ खाबड़ एवं पहाड़ों से होकर गुजरता है, जहां हजारों की संख्या में लोग निवास करते हैं. यहां का मुख्य मार्ग बीते दिनों हुई भारी बारिश के कारण बह गया, जिसके कारण लगभग 20 फीट खाई बन गई है. लिहाजा टू व्हीलर और फोर व्हीलर वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो गया है. स्थानीय निवासी टिमनी देवी (60) कुछ दिनों से बीमार है.जिसे खाट की सहायता से सीएचसी बरकट्ठा ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन रास्ता अवरुद्ध होने के कारण उसे बरकट्ठा नहीं ले जाया जा सका. ग्रामीणों ने कहा कि अब इसका हम लोग गांव में ही जड़ी-बूटी से इलाज करेंगे. भगवान भरोसे ही इसकी जान बचेगी. ग्रामीणों ने कहा कि यहां मध्य विद्यालय में शिक्षकों को आने-जाने में भी काफी परेशानी हो रही है. जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है.

**खाट पर भी मरीज को ले जाना मुश्किल :** वहीं वार्ड सदस्य रिंकी देवी ने कहा कि कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाए या गर्भवती महिला को प्रसव कराने के लिए बरकट्ठा सीएचसी ले जाना हो तो वह भगवान भरोसे ही रहेगा. खाट पर टांग कर भी मरीज को ले जाना मुश्किल हो रहा है. वहीं सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सिंह ने कहा हम सब ग्रामीण मिलकर जिला परिषद सदस्य को इसके लिए आवेदन दिए हैं और इस रोड को जल्द से जल्द बनाने की मांग की गई है. मौके पर अशोक सिंह, परमेश्वर सिंह, सोना सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, कंचन देवी, तेतरी देवी, रेखा देवी, कौशल्या देवी समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

- प्रखंड मुख्यालय व बाजार से ग्रामीणों का कटा संपर्क, बढ़ी लोगों की परेशानी
- मध्य विद्यालय में शिक्षकों को आने-जाने में भी काफी परेशानी हो रही


बारिश में सड़क के बीचोंबीच बना बड़ा गड्ढ.

### क्या कहती हैं मुखिया रीता देवी

इस संबंध में मुखिया रीता देवी ने कहा कि हम लोग इस सड़क को बनाने की मांग पूर्व से करते आए हैं. लोकसभा चुनाव के समय हम लोगों ने चुनाव का बहिष्कार भी किया था और पदाधिकारियों से कहा था कि जब तक सड़क नहीं बनेगी तब तक हम लोग वोट नहीं देंगे. उस वक्त प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि चुनाव के बाद शीघ्र सडक बना दी जाएगी, लेकिन स्थिति जस की तस है. अब विधानसभा चुनाव आने वाला है. हम लोगों ने उपायुक्त से मिलकर इस मामले को उनके संज्ञान में दिया. अब यदि सड़क नहीं बनी तो हम लोग उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे. वहीं मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने कहा कि चेचकपी पंचायत से सबसे ज्यादा राजस्व सरकार को दिया जाता है, लेकिन यह पंचायत आदिवासी बहुल क्षेत्र होते हुए भी काफी पिछड़ी है. अब सड़क जल्द नहीं बनेगी तो आंदोलन तय है.

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कई समस्याओं का समाधान

- अपनी समस्याओं को रखें ग्रामीण, सरकार करेगी समाधान : प्रमुख

**संवाददाता। रामगढ़**


सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगे शिविर के दौरान लाभुक व अन्य.

राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रविवार को चितरपुर प्रखंड के बोरोबिंग पंचायत सचिवालय में आयोजित शिविर में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्या सुना व ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन किया गया. शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, निवास, मनरेगा सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे. इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चितरपुर प्रमुख द्रोपति देवी व विशिष्ट अतिथि बीडीओ ज्ञानमणि एक्का, सीओ दीपक मिंज, झामुमो जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो,जगरनाथ महतो एवं लक्ष्मण महतो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया.

मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि पंचायत स्तर पर आयोजित शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर अपनी समस्या को रखें, आपकी समस्याओं का निदान जल्द किया जाएगा. वहीं विशिष्ठ अतिथियों ने कहा कि शिविर के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लें. वहीं अतिथियों ने लाभुकों के बीच और स्कूली बच्चों को साइकिल का वितरण किया. साथ ही सभी विभागों के स्टॉल का निरीक्षण करते हुए सभी को बेहतर काम करने का निर्देश दिया। मौके पर कई लोग मौजूद थे.

### ट्रैफिक नियमों का पालन करें : नवीन प्रकाश पांडेय

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस द्वारा पूरे जिले में लोगों की सुरक्षा के लिए सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में रजरप्पा थाना के इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडेय ने रविवार को पूरे थाना क्षेत्र में घूम-घूम कर लोगों को ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर जागरूक किया. इस दौरान उन्होंने बोरोबिग पंचायत भवन में लगे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शिविर में पहुंच कर लोगों को बताया कि रामगढ़ जिले में सड़क दुर्घटना में अत्यधिक वृद्धि हो रही है. इसी को लेकर ये अभियान चलाया जा रहा. उन्होंने सबसे अपील की कि जो ट्रैफिक नियमों का पालन करें. नाबालिग को 50 सीसी से अधिक की बाइक चलाने देते हैं तो पच्चीस हजार फाइन है, ट्रिपल राइडिंग न करें, ऑटो चालक के दाहिने में न बैठें ,सीट बेल्ट का प्रयोग हमेशा करें. साथ ही कई नियमों के बारे में जागरूक किया.

# झील से मिला अधेड़ का शव परिजनों को हत्या की आशंका

- शनिवार से था घर से गायब पुलिस जांच में जुटी

**संवाददाता। हजारीबाग**

लोहसिंहना थाना क्षेत्र के बड़ा झील से एक अधेड़ का शव रविवार शाम को पुलिस ने बरामद किया है. मृतक की पहचान यादव बाबू चौक निवासी गुप्तेश गुप्ता, पिता रविंद्र गुप्ता (65) के रूप में हुई है. इस संबंध में परिजनों ने बताया कि गुप्तेश गुप्ता पोस्ट ऑफिस में काम करते थे और एलआईसी के एजेंट भी थे. शनिवार को अपनी पत्नी को इलाज के लिए सदर अस्पताल के लिए निकले थे. जब दोपहर तक वह घर नहीं पहुंचे तो उनकी खोजबीन की गई. शाम तक उनका कोई आता पता नहीं चला, जिसके बाद सदर थाने में आवेदन देकर खोजने की गुहार लगाई गई. इसके बाद उनके मोबाइल के लोकेशन के अनुसार झील के आसपास रात 11:00 बजे तक खोजबीन की गई. इसके बाद रविवार दोपहर में झील के पास मृतक की मोटरसाइकिल और चप्पल देखा गया. इसी निशानदेही पर पुलिस और मछुआरे के सहयोग से झील में से शव को बाहर निकल गया और पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है. वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है. वहीं इस संबंध में सदर पुलिस ने बताया कि 31 अगस्त को परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी. मोबाइल लोकेशन के आधार पर शव झील से बरामद किया है. परिजनों के आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की जांच करेगी.

# रैंबो के रेहवा आहर में डूबने से बच्चे की मौत, गांव में मातम का माहौल

**संवाददाता। चौपारण**



थाना क्षेत्र की डेबो पंचायत के ग्राम रैंबो कर्मा में रविवार दोपहर को तालाब में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई. बताया जाता है कि रैंबो कर्मा के रेहवा आहर में शंकर सिंह के 10 वर्षीय पुत्र सलेश कुमार नहाने गया था. सलेश के साथ कुछ और भी बच्चे थे. नहाने के क्रम में तालाब के गहरे पानी में चले जाने के कारण सलेश पानी से बाहर नहीं निकल पाया और डूब गया. इसकी सूचना सलेश की दादी को मिली तो वह रोती हुई तालाब पर पहुंची. उन्होंने देखा कि बच्चे का कपड़ा तालाब के बाहर पत्थर पर रखा हुआ है. यह देख गांव के तैराकों ने तालाब के गहरे पानी में काफी खोजबीन कर बच्चे को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक बच्चा दम तोड़ चुका था. इसकी सूचना अंचलाधिकारी संजय कुमार यादव एवं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को दी गई. थाना प्रभारी ने एम्बुलेंस भेजकर शव को कब्जे में लिया. सीओ ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद नियमानुसार आपदा राहत कोष से मुआवजा मिल सकता है. मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मोहन साव, उपमुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार, महादेव राणा, भागी रविदास, रामचन्द्र राणा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

### बरकाखुर्द शिव मंदिर में आयोजित महापंचायत में हुआ निर्णय, पांव धोकर किया जाएगा स्वागत, शुद्धि हवन भी होगा

# इचाक के बरकाखुर्द में 100 लोग आज करेंगे घर वापसी

**संवाददाता। हजारीबाग**


धर्मांतरित लोगों की घर वापसी को लेकर हुई महापंचायत में मौजूद लोग.

इचाक के बरकाखुर्द में धर्मांतरित हो चुके 20 परिवारों के 100 से अधिक लोग मंगलवार को घर वापसी करेंगे. यह निर्णय रविवार को बरकाखुर्द शिव मंदिर में आयोजित महापंचायत में हुआ है. साहिलकलां के ममारक टोला से जुड़े लोगों ने घर वापसी करने की घोषणा की है. महापंचायत में बरकाखुर्द और उससे लगे पांच गांव से करीब तीन सौ की संख्या में लोग जुटे थे. धर्मांतरित लोगों द्वारा घर वापसी करने की घोषणा करते ही ओम का ध्वनिमत से उच्चारण कर स्वागत किया गया. तय किया गया कि धर्मांतरित लोगों का पांव धोकर घर वापसी कराई जाएगी. वहीं आर्य समाज की बेटियों द्वारा इस बाबत शुद्धी हवन का भी आयोजन किया जाएगा. इससे पूर्व महापंचायत जिप प्रतिनिधि अशोक मेहता के नेतृत्व में आयोजित हुई. अध्यक्षता जगदीश प्रसाद मेहता सेवानिवृत शिक्षक ने की. बैठक में धर्मांतरित परिवारों को बुलाया गया और उनकी मंशा और धर्मांतरित होने के पीछे का कारण पूछा गया. परिजनों ने बताया कि लोभ वश बहकावे में वे अपने धर्म को छोड़ कर दूसरे धर्म में चले गए थे. बैठक में जानकारी दी कि सुनियोजित तरीके से पूरे जिले में महिलाओं को आगे कर धर्मांतरण का काम कराया जा रहा है. पांच से 20 हजार रुपये रैंक और काम के हिसाब से दिया जा रहा है. बताया कि इचाक की बहुत सारी युवतियां भी इस कार्य के लिए लगी हुई हैं. उन्हें केवल गवाही देने के लिए पैसे दिए जाते हैं. उनका काम होता है कि जहां कहीं भी चंगाई सभा होती है, वहां जाकर झुठी गवाही देकर महिलाओं को दिग्भ्रमित करना होता है.

### तीन परिवारों का आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार

महापंचायत में तीन परिवारों के आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार करने की घोषणा की गई है. पंचायत में बकायदा यह भी घोषणा की गई है कि बहिष्कृत परिवार को कोई भी सहयोग प्रदान करता है तो उन्हें 21 हजार रुपये का जुर्माना और सामाजिक दंड लगाया जाएगा. बहिष्कृत परिवार से बोलचाल, लेनदेन, सहायता, शादी विवाद आदि सभी तरह के आयोजनों से दूर रहने का सलाह दिया गया है. समाज से बहिष्कृत किए गए लोग ममारक गांव के है और समाज के लाख प्रयास के बावजूद ये वापस अपने घर में लौटने से इंकार कर दिया.

**विधानसभा चुनाव**

### स्क्रीनिंग कमेटी से मिला कांग्रेसियों का प्रतिनिधिमंडल, डॉ मेहता ने पेश की दावेदारी

# जमीनी कार्यकर्ताओं को बनाया जाएगा उम्मीदवार : गिरीश चोड़ानकर

- जनहित में प्रदेश सरकार के किए गए कार्यों को लेकर जनता के बीच जाने का दिया निर्देश

**संवाददाता। हजारीबाग**


कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़ानकर, सदस्य प्रकाश जोशी, पूनम पासवान से मिलते पार्टी के नेता.

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां जोर पकड़ने लगी है. सदर विधानसभा के उपविजेता वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ रांची अतिथि शाला में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़ानकर, सदस्य प्रकाश जोशी, पूनम पासवान से मिलकर अपनी दावेदारी पेश की. इस पर चौड़ाकर ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जमीनी उम्मीदवारों को उम्मीदवार बनाया जाएगा इस प्रक्रिया में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता बरती जाएगी. इस बार सिफारिश से किसी को टिकट कांग्रेस पार्टी नहीं देगी. जो व्यक्ति कांग्रेस के सिद्धांतों पर चल रहा है उसे टिकट दिया जाएगा और जो रांची या दिल्ली में जाकर गणेश परिक्रमा करता है उससे कांग्रेस पार्टी सतर्क है. जो नेता वरीय नेताओं की परिक्रमा कर रहे हैं उन्हें चिन्हित किया जा रहा है. वहीं जो नेता क्षेत्र की जनता के बीच काम कर रहा है उसे भी चिन्हित कर प्रोत्साहित किया जाएगा. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो पार्टी के नियमों का उल्लंघन करेगा उसे निष्कासित और दंडित किया जाएगा. चौड़ाकर ने सुझाव देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर कांग्रेस पार्टी के किए गए जनहित के कार्यों की जानकारी जनता को दें. इंदिरा आवास, हर महीने पांच किलो चावल, महात्मा गांधी ग्रामीण सड़क योजना, किसान विकास पत्र, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, अबुआ आवास, मंईयां सम्मान योजना, 2 लाख रुपये तक की किसान ऋण माफी, 200 यूनिट तक बिजली बिल निशुल्क इत्यादि दर्जनों जनकल्याणकारी के बारे में जनता को जागरूक करें. स्क्रीनिंग कमेटी से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से व्याख्याता संघ के अध्यक्ष भुवनेश्वर महतो, तुलसीदास कुशवाहा, विधि अध्यक्ष संजय रविदास, एडवोकेट विष्णु, दयाल कुशवाहा, शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रो बीके मेहता, मंडल उपाध्यक्ष मौलाना मुख्तार, डॉ सतीश कुशवाहा, प्रखंड उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, अजय पासवान, ललन सिन्हा, वरिष्ठ नेता रामचंद्र भुइयां, झंडा बिहारी मांझी, रिजवान खान इत्यादि शामिल रहे।

# एफसी बंजी बना नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे चरण का विजेता

**संवाददाता। रामगढ़**



क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल ने सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे चरण का मांडू विधानसभा क्षेत्र के घाटो स्थित 15 नंबर फुटबॉल मैदान में समापन रविवार को हुआ. टूर्नामेंट में क्षेत्र की कुल 32 टीमों ने भाग लिया, जिसमें सभी टीमों को पछाड़कर एएसएफसी लइयो और एफसी बंजी की टीम ने फाइनल में जगह बनाई. रविवार को रोमांचक फाइनल मुकाबला बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के बीच जोरदार संघर्ष हुआ. आखिर में पेनल्टी शूटआउट के जरिए एफसी बंजी की टीम ने 5- 3 से एएसएफसी लइयो को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया. लइयो टीम के मिलन कुमार मेन ऑफ़ द सीरीज और बंजी टीम से टोहल गंजू मेन ऑफ़ द मैच बने. टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका में गिरधारी महतो, रवि रजवार, संजीत कुमार और मनोज कुमार रहे. टूर्नामेंट के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे और फाइनल मैच का आनंद लिया. विजेता टीम को 25 हज़ार रुपये का चेक एवं आकर्षक नमो ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम को 15 हजार रुपये का चेक एवं आकर्षक नमो ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित किया.

